गिरतो को सम्बाला है हर मुश्किल को टाला है

गिरतो को सम्बाला है हर मुश्किल को टाला है,
कोई और नहीं है वो मेरा खाटू वाला है,
गिरतो को सम्बाला है हर मुश्किल को टाला है,

जब हाथ पकड़ता है तो तार ही देता है,
अपने हर प्यारे को बस प्यार ही देता है,
बाबुल की तरह इसने हम बचो को पाला है,
कोई और नहीं है वो मेरा खाटू वाला है,
गिरतो को सम्बाला है हर मुश्किल को टाला है,

जो हार के आता है वो जीत के जाता है,
हर पल हु साथ तेरे विश्वाश दिलाता है,
हर प्रेमी के पथ पर ये करता उजाला है,
कोई और नहीं है वो मेरा खाटू वाला है,
गिरतो को सम्बाला है हर मुश्किल को टाला है,

तू देख बुला कर के ये दौड़ के आता है,
डूभी नैया को श्याम भाव पार लगाता है,
संसार समंदर से कितनो को निकाला है,
कोई और नहीं है वो मेरा खाटू वाला है,
गिरतो को सम्बाला है हर मुश्किल को टाला है,

कहे तरुण मिला जो भी सब श्याम से पाया है,
करके किरपा इस ने चरणों से लगाया है,
दिन रात ख़ुशी मिलती यही देने वाला है,
कोई और नहीं है वो मेरा खाटू वाला है,
गिरतो को सम्बाला है हर मुश्किल को टाला है,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/14096/title/girto-ko-sambala-hai-har-mushkil-ko-taala-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |